सेमिनार में आर्थिक विषयों की दी जानकारी

राजस्थान हिन्दी हाई स्कूल में आयोजन

अहमदाबाद. राजस्थान सेवा समिति संचालित राजस्थान हिन्दी हाई स्कूल प्रांगण में गत गुरुवार को कॉमर्स विषय के विद्यार्थियों को सेमिनार में आर्थिक विषयों की दी जानकारी दी गई।

सेमिनार का विषय आर्थिक प्रवाह और व्यावसायिक मार्गदर्शन था। इसमें गुजरात यूनिवर्सिटी के व्याख्याता हेमंत शाह ने आर्थिक वृद्धि एवं विकास के ख्याल को उदाहरण के माध्यम से समझाने का प्रयास किया। गुजरात लॉ सोसायटी के व्याख्याता हस्तीमल सागरा ने विमुद्रीकरण के तत्कालीन प्रभाव को स्वीकार किया तथा विद्यार्थियों के अच्छे भविष्य की कामना की।

भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान (ईडीआई) के डॉ. सरीन ने आदर्श उद्यमी बनने के लिए आवश्यक गुणों पर प्रकाश डाला एवं निर्धारित कार्यक्षेत्र में निपुणता लाने पर बल दिया।

रोजगार कार्यालय से आए हसमुख रावल ने श्रम मंत्रालय की ओर से तैयार किए गए रोजगार पोर्टल एप की विस्तृत जानकारी देते हुए इसके महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम से पूर्व राजस्थान हिन्दी हाई स्कूल के अध्यक्ष भैरूलाल जैन ने अतिथियों का स्वागत और आभार व्यक्त किया। शहर के करीब बीस स्कूलों के विद्यार्थी एवं शिक्षकों ने उपस्थित रहकर इसे सफल बनाने में योगदान दिया।

पत्रिका Sun, 25 December 2016
epaper.patrika.com//c/15657338